Regarding BSNL employees

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) : सभापति महोदय, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एक सरकारी उपक्रम है और वर्षों से देश में दूरसंचार के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है । पूर्व सरकार की गलत नीतियों के कारण यह उपक्रम लगातार घाटे में चल रहा था । मैं माननीय मोदी जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने बीएसएनएल को रिवाइव किया और आज फायदे का उपक्रम बना है तथा निरंतर प्रगति कर रहा है ।

आज बीएसएनएल में लगभग 30 हजार ग्रुप ?सी? एवं ?डी? कर्मचारी हैं और लगभग 5 लाख रिटायर्ड लोग हैं । बीएसएनएल के इन सभी कर्मचारी और पेंशन भोगियों को तीसरा वेतन संशोधन, जो कि 01.01.2017 से होना लागू था, अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है ।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग की घोषणा की है और इसको गठित किया है । इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं, परंतु बीएसएनएल में अभी तक तीसरा पे रिवीजन भी लागू नहीं हुआ है । 7 वें वेतन आयोग ने सरकारी उपक्रमों के पे रिवीजन के लिए अफॉर्डेबिलिटी का क्लॉज रखा है और कहा गया है कि जो उपक्रम लगातार तीन साल प्रॉफिट में होंगे, उनको ही पे रिवीजन मिलेगा ।

चूंकि बीएसएनएल इस बार प्रॉफिट में आया है, इसके लिए वन टाइम रियायत देते हुए बीएसएनएल में भी थर्ड पे रिवीजन लागू किया जाए । मैं इसके लिए माननीय दूरसंचार मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा ।

माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।